# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय , पटना

## अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

## सूचना संख्या R/PPU/1519/19 दिनांक 23.10.2019

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले **तरंग – 2019** के लिए दिनांक **29.11.2019 से 03.12.2019 (संशोधित तिथि)** तक किराया पर पाण्डाल तथा कार्य विवरणी के अनुसार अनुभव प्राप्त फर्म एजेंसियों द्वारा लिफाफा प्रणाली के अंतर्गत मुहरबन्द लिफाफा में अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित है | कार्य की विवरणी के अनुसार मदवार दर प्रस्ताव के साथ निविदा जमा होगी | सीलबन्द लिफाफा कुलसचिव पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय , पटना – 20 के पते पर हाथों हाथ अथवा निबंधित डाक से प्राप्त किया जाएगा |

| क्रम संख्या | कार्यस्थल | कार्य-विवरणी | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए० एन० कॉलेज , पटना | सूचि संलग्नित | 05.11.2019 शाम 05:00 बजे तक<br>**संशोधित तिथि 20.11.2019 शाम 04:00 बजे तक** | 06.11.2019 अपराहन 02:00 बजे<br>**संशोधित तिथि एवं समय 20.11.2019 शाम 05:00 बजे** |

**तकनीकी शर्ते एवं तकनीकी लिफाफा में दिए जाने वाले कागजात :-**

1. निविदादाता को निविदा से सम्बंधित तकनीकी एवं वित्तीय दोनों लिफाफों के ऊपर स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा |
2. निविदादाताओं को तकनीकी निविदा के साथ किसी राष्ट्रीय कृत बैंक का सुरक्षित राशि के रूप में **1,00,000 (एक लाख)** रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट (लौटाने योग्य) एवं **10,000 (दस हजार)** का बैंक ड्राफ्ट निविदा में भाग लेने के लिए जो लौटाने योग्य नहीं होगा | बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय , पटना के नाम से भुगतेय होगा, संलग्न करना होगा |
3. तकनीकी निविदा के साथ पंजीयन प्रमाण पत्र, काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र, पैन कार्ड की प्रति एवं GST निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा |
4. निविदा-दाता को अपनी फर्म/एजेंसी /संस्था का तीन वर्ष का Audited Accounts Statement और तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की प्रति भी देना होगा |
5. पूर्व में सरकारी आयोजनों का अनुभव वाले फर्म/ एजेंसी/संवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी |
6. पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र |
7. निविदा-दाता को इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करना होगा कि इनके द्वारा तकनीकी निविदा वाले लिफाफा में रखे गए कागजात एवं दी गयी जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं भविष्य में किसी

तरह की सूचना गलत पाए जाने पर अथवा कागजात फर्जी पाए जाने पर नियम सम्मत उनके विरुद्ध क़ानूनी कार्यवाई की जाएगी |

**वित्तीय शर्त्ते :-**

निविदादाता को संलग्नित कार्य सूचि की दर सभी कर सहित अंकित करना होगा | (सरकारी नियमानुसार देय कर)

**अन्य शर्त्ते :-**

1. तकनीकी निविदा में सक्षम/सफल फर्म /एजेंसी /संस्था की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी |
2. सफल संवेदक के द्वारा अपने सभी कर्मियों को यूनीफॉर्म एवं पहचान पत्र दिया जाएगा | प्रत्येक दस कर्मी पर एक पर्यवेक्षक रखना होगा | निविदा खोलने की तिथि को यूनीफॉर्म एवं पहचान पत्र का नमूना लाना होगा |
3. स्वीकृत संवेदक सफाई कार्य करने के लिए महाविद्यालय परिसर को जोंन में बाँटेंगे | प्रत्येक जोंन में मजदूरों का शिफ्ट निर्धारित करते हुए अनवरत सफाई कार्य कराना होगा | साथ ही कूड़ा को उचित स्थान पर डम्प करने की व्यवस्था करनी होगी, ताकि वातावरण प्रदूषित न हो |
4. प्रतिदिन चार बार शौचालय सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी |
5. स्वीकृत संवेदक द्वारा समय से संतोषप्रद ढंग से कार्य नहीं कराए जाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण महाविद्यालय में अस्वास्थ्यकर/प्रदूषित वातावरण उत्पन्न होने पर उनकी जमानत की राशि जब्त करते हुए उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाई की जाएगी |
6. निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने, स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने तथा पुनः निविदा आमंत्रित करने का अधिकार विश्वविद्यालय को पूर्ण-रूपेण सुरक्षित रहेगा |
7. निविदा खोलते समय निविदा-दाता को स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा |
8. अंकित कार्य सूचि/कार्य क्षेत्र आवश्यकतानुरूप बढ़ायी या घटायी जा सकती है,जिसे संवेदक द्वारा प्रतिपूर्ति करना होगा |
9. प्रकाशित निविदा सूचना के आलोक में सम्पूर्ण कार्यों का निष्पादन एक ही निविदादाता द्वारा (सामग्रियों की आपूर्ति/उल्लिखित कार्य) कराया जाएगा |
10. निविदा खोलने की निर्धरित तिथि एवं समय पर निविदादाता उपस्थित नहीं होते है तो विश्वविद्यालय किसी प्रकार की दावा- आपत्ति हेतु उत्तरदायी नहीं होगा |
11. विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सफल निविदादाता को कार्यदेश निर्गत किया जाएगा |
12. सफल निविदादाता को कार्यक्रम के दरम्यान विश्वविद्यालय प्रशासन के निदेश के आलोक में आवश्यकतानुसार अन्य सुविधाएँ देना/कार्य करना होगा |
13. सफल निविदा दाता को कार्य स्थल पर कार्यक्रम प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व निश्चित रूप से कार्य पूर्ण कर विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार को संसूचित करना होगा |

a. कार्यक्रम की शुरुआत से समाप्ति तक की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त मानवबल की व्यवस्था सफल संवेदक द्वारा की जाएगी |

b. सम्पूर्ण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रुप से चलाने की जिम्मेवारी भी सफल संवेदक की ही होगी |

14. वे फर्म/एजेंसी/संस्था ही निविदा आवेदन विश्वविद्यालय को दें, जिनका विगत तीन वर्षों का टर्न ओवर सालाना **एक करोड़ रूपये** के ऊपर है |

15. सफल निविदा-दाता को **5,00,000/-(पांच लाख रूपये)** का राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट, कुलसचिव, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के नाम से भुगतेय होगा, जो कि Security राशि के रूप में होगी |

**निविदा DOCUMENT**

1. निविदा Document पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय वेब साईट **www.ppup.ac.in** से प्राप्त किया जा सकता है |
2. निविदा सम्बन्धी किसी भी प्रकार की अधिसूचना बदलाव, संशोधन केवल पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय वेब साईट पर ही प्रकाशित की जाएगी |

नोट :- निविदा के आवेदक द्वारा निविदा जमा करने के लिए तैयार किए जाने वाले आवेदन से सम्बंधित किसी प्रकार का व्यय उस फर्म/एजेंसी/संस्था द्वारा ही देय होगा |

कुलसचिव
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना